द्विवर्षीय शिक्षाचार्य (M.Ed.) पाठ्यक्रम

शैक्षणिक सत्र 2022

(As per NCTE Two Year M.Ed. Program Norms-2014)

(पाठ्यक्रम उद्देश्य, पाठ्यक्रम के मुख्य आधार, पाठ्यक्रम अभिकल्प, पाठ्यक्रम स्वरूप, संचालन नियम, क्रियान्वयन विधि, परीक्षा योजना, प्रश्न पत्र निर्माण एवं पाठ्यवस्तु)

शिक्षा संकाय

जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर

ग्राम-मदाऊ, पोस्ट-भांकरोटा, जयपुर-302026

द्विवर्षीय शिक्षाचार्य (M.Ed.) पाठ्यक्रम उद्देश्य

द्विवर्षीय शिक्षाचार्य (एम.एड़) पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्टतत्व प्राप्त अध्यापक तैयार करना है जोकि संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में अपना विशेष योगदान प्रदान कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त इस पाठ्यक्रम के उद्देश्य निम्नलिखित हैं।

- भारतीय ज्ञान, सांस्कृतिक मूल्य एवं परम्पराओं पर आधारित ऐसे प्रशिक्षक/शिक्षक तैयार करना जो शिक्षा महाविद्यालयों में एवं शिक्षा विभाग के माध्यमिक एंव उच्च माध्यमिक विद्यालयीय स्तर पर शिक्षण कार्य कर सकें।
- ऐसे शिक्षित प्रशासक एवं पर्यवेक्षक तैयार करना जो शिक्षा महाविद्यालयों,शिक्षा विभाग, शिक्षा योजना तथा शैक्षणिक पर्यवेक्षक सेवाओं में उत्तरदायी पदों पर कार्य कर सकें।
- ऐसे शिक्षक प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करना जो मनोवैज्ञानिक सेवाओं जैसे मनोवैज्ञानिक परीक्षण, व्यक्तिगत, शैक्षिक एवं व्यवसायिक निर्देशन व परामर्श, सांख्यिकी सेवाओं एवं शैक्षणिक अभिनव कार्यक्रमों में कार्य कर सकें।
- ऐसे शिक्षक प्रशिक्षक करना जो पाठ्यक्रम संगठन, विकास एवं अनुदेशनात्मक सामग्री का निर्माण कर सकें।
- ऐसे शिक्षक प्रशिक्षित करना जो परीक्षा सुधार कार्यक्रमों एवं शैक्षणिक मूल्यांकन में भाग ले सकें।
- शिक्षक में शोध के आधार पर शिक्षा–साहित्य को समृद्व शिक्षा के गुणवत्ता की अभिवृद्वि की क्षमता विकसित करना।
- शिक्षा के दार्शनिक परिप्रेक्ष्य में चिन्तन करने की क्षमता का विकास करना।
- शिक्षा के मनोवैज्ञानिक आधार से सम्बन्धित सम्प्रत्ययों में अन्तर्दृष्टि का विकास करना।
- शैक्षिक अनुसन्धान की विधियों का प्रयोग संस्कृत शिक्षा के संवर्द्वन में करने की क्षमता का विकास करना।
- शैक्षिक प्रौधोगिकी का शिक्षण–अधिगम परिस्थितियों में अनुप्रयोग करने की क्षमता का विकास करना।
- शैक्षिक प्रौधोगिकी का शिक्षण–अधिगम परिस्थितियों में अनुप्रयोग करने की क्षमता का विकास करना।
- शिक्षा के सामाजिक परिप्रेक्ष्य से अवबोध कराना।
- अध्यापक शिक्षा के स्वरूप एवं विकास से परिचित कराना।
- शैक्षिक शोध में प्रदत्त विश्लेषण की क्षमता विकसित करना।
- शैक्षिक निर्देशन एवं उपबोधन को अनुप्रयोग करने से सम्बन्धित क्षमता का विकास करना।
- पर्यावरण के संरक्षण एवं सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाना।
- विभिन्न देशों के शिक्षा प्रणाली के स्वरूप एवं संरचना से परिचित कराना।
- संस्कृत शिक्षा के विकास एवं शोध के क्षेत्रों से अवगत कराना।
- प्राम्भिक माध्यमिक स्तर की शिक्षा के पाठ्यक्रम अभिकल्पन की क्षमता का विकास करना।
- प्राम्भिक माध्यमिक स्तर की शिक्षा के पाठ्यक्रम अभिकल्पन की क्षमता का विकसित करना।
- किसी शोध समस्या का सोपानिक क्रम में समाधान ज्ञात करने की क्षमता का विकास करना।
- समस्या निरूपण, शोधविधि, प्रतिदर्श एवं उपकरण चयन,प्रदत्त संकलन एवं विश्लेषण से सम्बन्धित क्षमताओं का विकास करना।
- शोध प्रतिवेदन लेखन से सम्बन्धित दक्षताओं का विकास करना।

द्विवर्षीय शिक्षाचार्य (एम.एड.) पाठ्यक्रम अभिकल्प के मुख्याधार

Major Components	Areas Covered	Description	Suggested Credit Allocation
Common Core (Theory and Practicum included)	Perspective Tool and Teacher Education Courses	1. Perspective Course in the areas of philosophy of Education, Sociology-History, Political, Economy of Education psychology of Education, Education Studies and Curriculum Studies. 2. Tool Course Comprising basic and advanced level education research, academic writing and communication skills educational technology and ICT Self developent (with focus on gender and society inclusive education and mental and physical well-being through modalities such as yoga) 3. Teacher Education Courses (Which are also linked with the filed internship/immersion/ attachment in a teacher education institution) shall also be included in the core.	Perspective 24 Credits Tool Courses:12 Credits: Teacher Education: 8 Credits: (excluding 4 credits for field intenship)
specialization Branches (Theory and practicum Included)	Courses in any one of the school level/areas (such as elementary, or secondary and senior secondary) and further thematic specializations.	The Specialisation branches in one of the school stages: Elementary (upto VIII) or Secondary and senior secondary (VI to XII) each with: 1. Core courses, within elementary/secondrary specialization focussing on mapping the area 2. specialization/elective clusters in theatic areas pertinent to that stage such as curriculum, pedagogy and assessment policy, economics and planning educational management and administration, education for differently abled Education Technology etc.	20 Credits (excluding 4 Credits of field attachment)
Internship/Field Attachment	Teacher Education Institution Institution Related to Specialization	Field Intership/attachment in 1. A Teacher Education Institution and 2. The area of specialization	8 Credits (4 Credits each)
Research leading to Dissertation	Related to Specialization/ Foundations	Students (in close mentoriship of a faculty member learn to plan and conduct a research and write a thesis.)	8 Credits
			80 Credits

द्विवर्षीय शिक्षाचार्य (एम.एड.) पाठ्यक्रम अभिकल्प

द्विवर्षीय शिक्षाचार्य (एम.एड.)पाठ्यक्रम 2000 अंक एवं 80 क्रेडिटस का है जिसकी क्रियान्विति चार सेमेस्टर में होगी। प्रत्येक सेमेस्टर 500 अंक एवं 20 क्रेडिटस का है। इस द्विवर्षीय पाठ्यक्रम के अन्तर्गत चार मुख्य घटक हैं – सैद्वान्तिक प्रायोगिक, संस्था सम्बद्वता एवं लघु–शोध प्रबन्ध। इसके अतिरिक्त संगत शैक्षिक गतिविधियों को भी चार सेमेस्टरों में यथा स्थान समाहित किया गया है।

इस घटकों के कोर्सेज का स्वरूप निम्नलिखित तालिका में प्रस्तुत हैं।

कुल अंक 2000 क्रेडिटस 80 + 8

द्विवर्षीय शिक्षाचार्य (एम.एड.)पाठ्यक्रम अभिकल्प

मुख्य घटक (Main Compinats)	कोर्स वर्ग (Categery of Course)	कोर्स संख्या (No of Course)	कुल अंक (Marks)	कुल क्रेडिटस (Credits)	कुल अंक/क्रेडिटस (Total Credits)
(A)सैद्वान्तिक (Theory)	(i) संकेन्द्रिक परिप्रेक्ष्प (Core Perspective)	03	300	12	
	(ii) संकेन्द्रिक उपकरण (Core Tool)	03	300	12	
	(iii) संकेन्द्रिक अध्यापक शिक्षा (Core Teacher Education)	01	100	04	48 (1200 अंक)
	(iv) संकेन्द्रिक अनिवार्य (Core Compulsory)	01	100	08	
	(v) वैकल्पिक (Elective)	02	200	08	
	(vi) विशेषज्ञता (Specialization)	01	100	04	
	(vii) विशिष्ट प्रकरण आधारित वैकल्पिक (Theme Based Elective)	01 (क.i.iii) (ख.i.iii)	100	04	
(B)प्रायोगिक (Practicum)		04	400	16	16 (1200 अंक)
(C) संस्था सम्बद्वता (Institution Attachement)		02	200	08	08 (400 अंक)
(D) लघु शोध प्रबन्ध (Dissertation)		.	200	...	08
(E) शैक्षिक गतिविधियां 90% उपस्थिति अनिवार्य (Educationl Activities)		04	200	....	08

द्विवर्षीय शिक्षाचार्य (एम.एड.) पाठ्यक्रम स्वरूप

कोर्स कोड (Course Code)	कोर्स का नाम (Name of the Course)	कुल अंक (Marks)	क्रेडियस (Credits)	कोर्स की संख्या (No. of Course)	कुल क्रेडिटस (Credits)
	प्रथम सेमेस्टर (First Semester)	**500**	**-**	**-**	**20**
201-202 203-204 211	**सैद्धान्तिक (Theory)**	**400**	**-**	**04**	**16**
	संकेन्द्रिक परिप्रेक्ष्य (Core Perspective)	200	04	02	08
	संकेन्द्रिक उपकरण (Core Tool)	200	04	02	08
	प्रायोगिक (Practicum)	**100**	**04**	**1 (i-vi)**	**04**
	द्वितीय सेमेस्टर (Second Semester)	**500**	**-**	**-**	**20**
221 222 223 224 231	**सैद्धान्तिक (Theory)**	**400**	**-**	**04**	**16**
	संकेन्द्रिक परिप्रेक्ष्य (Core Perspective)	100	04	01	04
	संकेन्द्रिक अध्यापक शिक्षा (Core T-E)	100	04	01	04
	संकेन्द्रिक उपकरण (Core Tool)	100	04	01	04
	वैकल्पिक (Elective)	100	04	1 (i-v)	04
	प्रायोगिक (Practicum)	**100**	**04**	**1 (i-vi)**	**04**
	तृतीय सेमेस्टर (Third Semester)	**500**	**-**	**-**	**20**
241 242 243 251	**सैद्धान्तिक (Theory)**	**200**	**-**	**02**	**08**
	संकेन्द्रिक अनिवार्य (Core Compulsory)	100	04	1	04
	विशेज्ञता विषय (Specialization)	100	04	1 (क/ख)	04
	संस्था सम्बद्धता (Institution Attachment)	200	04	02	08
	प्रायोगिक (Practicum)	**100**	**04**	**1 (i-vi)**	**04**
	चतुर्थ सेमेस्टर (Fourth Semester)	**500**	**-**	**-**	**20**
261 262 263 271	**सैद्धान्तिक (Theory)**	**200**	**-**	**02**	**08**
	विशिष्ट प्रकरण आधारित वैकल्पिक (Theme Based Elective)	100	04	1 (क/ख–3)	04
	वैकल्पिक (Elective)	100	04	1 (i-v)	04
	लघुशोध प्रबन्ध (Dissertation)	**200**	**08**	**-**	**08**
	प्रायोगिक (Practicum)	**100**	**04**	**1 (i-vi)**	**04**
212,232,252,272	**शैक्षिक गतिविधियाँ उपस्थिति * 90% अनिवार्य**	**200**	**02**	**04**	*** 08**

द्विवर्षीय शिक्षाचार्य (एम.एड.) पाठ्यक्रम संचालन सम्बन्धी नियम :–

1. **पाठ्यक्रम की प्रकृति** :– जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित द्विवर्षीय शिक्षाचार्य पाठ्यक्रम नियमित प्रकृति का है, इसे केवल नियमित छात्र के रूप में अध्ययन कर पूर्ण किया जा सकेगा।
2- **पाठ्यक्रम में प्रवेश –** जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित द्विवर्षीय शिक्षाचार्य पाठ्यक्रम में प्रवेश राजस्थान सरकार के आदेशानुसार प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली प्रवेश पूर्व शिक्षाचार्य परीक्षा (PSAT) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को वर्गवार वरीयता के आधार पर ही दिया जा सकेगा।
3. **पाठ्यक्रम अवधि :–** शिक्षाचार्य पाठ्यक्रम की अवधि दो अकादमिक वर्षों (Two Academic Years) की होगी। इसे चार सत्रार्द्धों (Semesters) में विभक्त कर पूर्ण किया जा सकेगा।
4. **कार्य दिवस :–** नामांकन एवं परीक्षा अवधियों को छोड़कर दो सौ (200) कार्य दिवस प्रतिवर्ष होंगे।
5. **छात्र उपस्थिति :–** द्विवर्षीय शिक्षाचार्य पाठ्यक्रम के सभी अध्येयांशों (Courses) में 80% तथा विद्यालय सम्बद्धता, क्षेत्र सम्बद्धता एवं शैक्षिक गतिविधियों में 90% उपस्थिति अनिवार्य होगी।
6. **अध्यापन, लघुशोध प्रबन्ध लेखन, सत्रीय कार्य एवं परीक्षा का माध्यम** :– अध्ययन–अध्यापन, लघुशोध प्रबन्धन, सत्रीय कार्य, प्रायोगिक कार्य लिखित एवं मौखिक परीक्षा का माध्यम संस्कृत होगा।
7. **वार्षिक परीक्षा में प्रवेश अर्हता** :– जिन शिक्षाचार्य प्रशिक्षणार्थियों/छात्रों ने द्विवर्षीय शिक्षाचार्य पाठ्यक्रम के सभी अध्येयांशो (Courses) को संत्राश–वार 80% एवं विद्यालय सम्बद्धता, क्षेत्र सम्बद्धता व शैक्षिक गतिविधि से सम्बन्धित प्रायोगिक कार्यों को सत्रांश–वार 90% उपस्थिति के साथ पूर्ण किया हो तथा समस्त सत्रीय कार्य/दत्त कार्य, लघुशोध प्रबन्ध आदि यथासमय पूर्ण कर प्रस्तुत किये हों, ऐसे प्रशिक्षणार्थी/छात्र ही द्विवर्षीय शिक्षाचार्य के सत्रार्द्ध परीक्षाओं में प्रवेश के लिए अर्ह (पात्र) होंगे।
8. **परीक्षा व स्वरूप** :– द्विवर्षीय शिक्षाचार्य पाठ्यक्रम की परीक्षा सत्रार्द्ध प्रणाली से आयोजित होगी।
9. **अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए पुनः अवसर** :–

   (अ) यदि कोई छात्र सैद्धान्तिक प्रश्नपत्रों में से किसी एक विषय में प्रथम सत्रार्द्ध में अनुत्तीर्ण हो जाता है और उसके अन्य विषयों के प्राप्तांक 48% या उससे अधिक हैं तो वह उस एक विषय की परीक्षा द्वितीय सत्रार्द्ध की वार्षिक परीक्षा के साथ दे सकेगा। इसी प्रकार द्वितीय सत्रार्द्ध के अनुत्तीर्ण छात्र तृतीय सत्रार्द्ध के साथ तथा तृतीय सत्रार्द्ध के अनुत्तीर्ण छात्र चतुर्थ सत्रार्द्ध के साथ परीक्षा दे सकेगा।

   (ब) कोई भी छात्र दो प्रयासों के बाद शिक्षाचार्य की परीक्षा में प्रविष्ट नहीं हो सकेगा। दोनों प्रयासों में असफल तथा शिक्षाचार्य अनुत्तीर्ण छात्रों को शिक्षाचार्य प्रवेश पूर्व परीक्षा (P.S.A.T.) के माध्यम से पुनः द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्र पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जा सकेगा।

पाठ्यक्रम क्रियान्वयन विधि :–

द्विवर्षीय शिक्षाचार्य (एम.एड.) पाठ्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निम्नलिखित विधियों का यथा अवसर प्रयोग किया जाएगा :–

(i) **व्याख्यान विधि** (Lecture Method) :– इस विधि का प्रयोग संवादपरकता के साथ किया जाएगा। जिससे अध्यापन में छात्र केन्द्रिता बनी रहे तथा छात्रों की विषय–विश्लेषण योग्यता एवं अभिव्यक्ति कौशल का विकास किया सके।

(ii) **संगोष्ठी** :– (Seminar) इस विधि द्वारा पाठ्क्रम में निर्धारित विभिन्न विषय सन्दर्भ तथा विद्यालयस्तरीय समसामयिक समस्याओं पर छात्रों के स्वतंत्र चिन्तन शक्ति तथा अभिव्यक्ति कौशल का विकास किया जायेगा।

(iii) **परिचर्चा (Discussion) :–** इस पाठ्यक्रम के क्रियान्वयन में परिचर्चा विधि का भी प्रयोग दो प्रकार से किया जायेगा–युग्म परिचर्चा एवं समूह परिचर्चा युग्म परिचर्चा के अन्तर्गत छात्रों के युग्म (जोड़े) बनाकर तथा समूह परिचर्चा में कक्षा को छोटे समूहों में बाँटकर शिक्षक द्वारा दिये गये विषय पर चर्चा सम्पन्न करवायी जायेगी। इससे छात्रों में विषय का संश्लेषण, एवं मूल्यांकन करने से सम्बन्धी दक्षताओं का विकास होगा।

(iv) **दत्त कार्य (Assignment)** :– इस विधि का प्रयोग छात्रों की लिखित अभिव्यक्ति–मुख्य रूप से विषय का अवबोध, विश्लेषण, संश्लेषण मूल्यांकन तथा समीक्षा से सम्बन्धित क्षमताओं के विकास करने हेतु किया जायेगा।

(v) **प्रश्नोत्तरी (Quiz) :–** इस विधि का प्रयोग इकाई समापन एवं कक्षा शिक्षण के समय किया जायेगा। इसमें कक्षा छात्रों के विभिन्न समूहों के समक्ष शिक्षण विषय की इकाईयों से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रश्न अध्यापक द्वारा प्रस्तुत करके प्रश्नोत्तरी के रूप में इसे सम्पन्न किया जायेगा।

(vi) **विचारावेश (Brinstorming)** :– इस रचनाकौशल का प्रयोग छात्रों के सृजनात्मक समाधान योग्यता विकास हेतु किया जाता है। अतः कक्षा स्तर पर पाठ्यक्रम में निर्धारित विभिन्न विषयों से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान ढूंढने हेतु इसका प्रयोग किया जायेगा।

(vii) **इकाई परीक्षण (Unit Test)** :– पाठ्यक्रम में निर्धारित विभिन्न विषयों से सम्बन्धित इकाईयों के समापन के पश्चात वस्तुनिष्ठ एवं लघूत्तरीय प्रश्नों पर आधारित मौखिक या लिखित परीक्षण छात्र के अवबोध परीक्षण हेतु किया जायेगा।

(viii) **परियोजना विधि (Project Method)** :– इस विधि द्वारा पाठ्यक्रम में निर्धारित विभिन्न विषयों से सम्बन्धित समस्याओं के समाधान पर आधारित परियोजना निर्माण व कार्य करवाये जायेंगे।

प्रश्न पत्र निर्माण –

1. प्रत्येक प्रश्न–पत्र के तीन भाग होंगे–अ,ब और स।
2. भाग 'अ' में 05 अतिलघूत्तरात्मक अनिवार्य प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न 02 अंक का होगा।
3. भाग 'ब' में 05 लघूत्तरात्मक अनिवार्य प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न 04 अंक का होगा।
4. भाग 'स' में आंतरिक विकल्प वाले 05 निबन्धात्मक प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का होगा। इस प्रकार प्रश्न पत्र में तीनों भागों को मिलाकर कुल 15 प्रश्न होंगे ।

5- अतिलघूत्तरात्मक प्रश्नों का उद्देश्य तथ्यात्मक ज्ञान की जाँच करना होगा। ऐसे प्रश्नों की उत्तर सीमा पन्द्रह से बीस (15–20) शब्दों की होगी।

6. लघूत्तरात्मक प्रश्नों का उद्देश्य सम्प्रत्यय, परिभाषा, नियम सिद्धान्तों के अनुप्रयोग आदि की जाँच करना होगा। ऐसे प्रश्नों की उत्तर सीमा एक पृष्ठ होगी।
7. निबन्धात्मक प्रश्नों का उद्देश्य प्ररिप्रेक्ष्य–ज्ञान, आलोचनात्मक दृष्टिकोण, सिद्धान्तों के अनुप्रयोग आदि की जाँच करना होगा। जो सैद्धान्तिक पक्ष से सम्बन्धित होंगे।
8. केवल विषयवस्तु (Content) पर आधारित कोई भी प्रश्न नहीं होगा। प्रत्येक प्रश्न विधियों (Methodology) के अनुप्रयोग से जोड़कर बनाया जायेगा।

स्पष्टता हेतु प्रश्न पत्र का स्वरूप विवरण :–

सैद्धान्तिक पत्रों हेतु प्रश्नपत्र का स्वरूप

(Structure of the Question paper for Theory Papers)

कुल अंक = 100

(Totel Marks)

80 अंक = बाह्य (लिखित परीक्षा)

80 Marks = External (Written Examination)

20 अंक = आन्तरिक (सत्रीय कार्य)

20 Marks = Internal (Sessional Work)

समय – 3 घंटे **लिखित परीक्षा हेतु प्रश्न स्वरूप** **पूर्णांक – 80**

प्रश्न का स्वरूप (Form of the Question)	प्रश्न प्रकार (Type of Question)	प्रश्नों की संख्या (No.of Questions)	प्रश्न/अंक (Question /Marks)	कुल अंक (Total Marks)
(अ) अनिर्वाय (Compulsory)	अतिलघूत्तरात्मक In (15–20) Words	5 (प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न) (One Question from each unit)	05 प्रश्न/02 अंक	5 (प्रश्न)x2(अंक) = 10
(ब) अनिर्वाय (Compulsory)	लघूत्तरात्मक (Short Answer)	5 (प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न) (One Question from each unit)	05 प्रश्न/04 अंक	5 (प्रश्न)x4(अंक) = 20
(स) आन्तरिक विकल्प (Internal Choice)	निबन्धात्मक) (Essy Tipe)	5 (प्रत्येक इकाई से दो प्रश्न) (Two Question from each unit)	05 प्रश्न/10 अंक	5 (प्रश्न)x10(अंक) = 50
		कुल अंक (Total Marks)		80 अंक

शिक्षाचार्य (एम.एड.) पाठ्यक्रम

प्रथम सेमेस्टर

शिक्षाचार्य – प्रथम सत्रार्द्ध

प्रश्नपत्र–1 शिक्षा का दार्शनिक परिप्रेक्ष्य

अध्येयांश कूटांक (Course Code) = 201 कुल क्रेडिट्स = 04

क्रियान्वयन घण्टे = 04 घण्टे/सप्ताह कुल अंक = 100

उद्देश्य

- भारतीय एवं पाश्चात्य दर्शन के परिप्रेक्ष्य में शिक्षा और दर्शन की प्रकृति से अवगत कराना।
- भारतीय एवं पाश्चत्य दर्शन के विविध संप्रदायों के परिप्रेक्ष्य में शैक्षिक मुद्दों का समीक्षात्मक विश्लेषण की क्षमता विकसित करना।
- शैक्षिक सम्प्रत्ययों, प्रतिमानों, एवं धारणाओं का समीक्षात्मक अध्ययन करना।
- मूल्यशिक्षा, उसके विविध आयामों और शान्तिशिक्षा के संप्रत्ययों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना

पाठ्यवस्तु (Content) 80 अंक

इकाई–1 शिक्षा दर्शन – शिक्षा दर्शन की प्रकृति, निर्देशात्मक सिद्धान्त, दर्शन के उदारवादी दृष्टिकोण का शिक्षा पर प्रभाव। शिक्षादर्शन के कार्य–नियामक एवं विश्लेषणात्मक प्रकार्य। शिक्षा दर्शन की प्रमुख शाखाएं – तत्व – मीसांसा, ज्ञान–मीमांसा, मूल्य–मीमांस एवं तर्कशास्त्र, (अभिप्राय व शैक्षिक निहितार्थ)।

इकाई–2 भारतीय दर्शन एवं शैक्षिक चिन्तन – चार्वक, जैन, बौद्ध, सांख्ययोग, मीमांसा एवं वेदान्त में यथार्थ, सत्य एवं मूल्य की संकल्पना एवं उनका शैक्षिक निहितार्थ।

इकाई–3 दर्शन के सम्प्रदाय – भारतीय एवं पाश्चात्य सन्दर्भ में–विचारवाद (आदर्शवाद) यथार्थवाद, प्रयोजनवाद एवं अस्तित्ववाद, मानववाद की अवधारणायें। भारतीय एवं पाश्चात्य चिन्तक आचार्य शंकर भगवत्पाद, विनोवाभावे, स्वामी विवेकानन्द श्री अरविन्द, जे कृष्णमूर्ति, काण्ट, जॉन डीवी एवं बर्ट्रेण्ड रसेल के विचारों का शैक्षिक निहितार्थ। कतिपय समसामायिक शैक्षिक समस्याओं एवं मुद्दों पर भारतीय एवं पाश्चात्य विचारकों के चिन्तन परिप्रेक्ष्य को रेखांकित करना।

इकाई–4 मूल्यपरक शिक्षा – मूल्य की अवधारणा (सामाजिक, आध्यत्मिक व नैतिक मूल्यों के सन्दर्भ में), भारतीय संविधान में निहित शैक्षिक, राष्ट्रीय एवं लोकतान्त्रिक मूल्यों का समीक्षात्मक अध्ययन। सर्वधर्मसम्भाव (भारतीय परिप्रेक्ष्य में) शिक्षा एवं शिक्षण हेतु निहितार्थ।शान्ति शिक्षा।

इकाई–5 अध्यापन व्यवसाय में व्यावसासिक निष्ठा का विकास – व्यावसासिक प्रतिवद्धता एवं अद्यतन संदर्भ में अध्यापन शिक्ष ।में व्यावसायिक निष्ठा विकसित करने की युक्तियां एवं परिप्रेक्ष्य। शिक्षक आचार संहिता–राष्ट्रीय संदर्भ में विहित अपेक्षाएं। व्यावसायिक प्रतिबद्धता विकास के कार्यक्रम। व्यावसासिक निष्ठा के सन्दर्भ में भारतीय चिन्तकों का अवदान।

सत्रीय कार्यः **20 अंक**

निम्नालिखित में से कोई दो

1 भारतीय विचारकों के चिन्तन पर आधारित शिक्षा के स्वरूप, उद्देश्य एवं अर्न्तवस्तु, शिक्षक–शिष्य के संबंध इत्यादि पर केन्द्रित कार्यशाला एवं प्रतिवेदन लेखन।

2 शैक्षिक समस्याओं का दार्शनिक परिप्रेक्ष्य में विश्लेषण हेतु समूह परिचर्चा एवं प्रतिवेदन निर्माण।

3 विमर्शी परिचर्चाएं– राष्ट्रीय एवं अन्तर्राराष्ट्रीय मुद्दों पर आधारित एंव प्रतिवेदन निर्माण।

4 समीक्षात्मक लेख प्रस्तुतीकरण।

सन्दर्भग्रन्थ सूची –

1 पाण्डेय, के.पी. (2005) शिक्षा के दार्शनिक एवं सामाजिक एवं सामाजिक आधार, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।

2 पाण्डेय, आर.एस. (1997) शिक्षा दर्शन, विनोद पुस्तक मन्दिर आगरा, उ.प्र.।

3 गैरोला, वाचस्पति, (1995) भारतीय दर्शन, लोक भारतीय प्रकाशन, इलाहाबाद।

4 शर्मा, चन्द धर, (1995) भारतीय दर्शनः आलोचना, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।

5 झा. नागेन्द्र (1992) वैदिक शिक्षा पद्धति एवं आधुनिक शिक्षा पद्धति, वेंकटेश प्रकाशन, नई दिल्ली।

6 मिश्र, भास्कर (2001) वैदिक शिक्षा मीमांसा, ईस्टन बुक लिंकर्स, चन्द्रावल, दिल्ली।

7 मिश्र, भास्कर (2000) शिक्षा संस्कृति नये सन्दर्भ में, भावना प्रकाशन नई दिल्ली।

8 भण्डारी,आर एवं विजय श्री, (1998) भारतीय दार्शनिक चिन्तन, न्यू भारतीय बुक कारपोरेशन

9 Vinoba Bhave Acharya, Thoughts on Education; (1985) Sarva Seva Sangh, Varanasi

10 पाठक आर.पी. (2011) शिक्षा के दार्शनिक एवं समाज शास्त्रीय सिद्धान्त पियर्सन एजुकेशन, नई दिल्ली।

11 उपाध्याय, आचार्य,बलदेव (1991) भारतीय दर्शन, शारदा मन्दिर, वाराणसी।

12 स्स्क, आर. (1970) शिक्षा के दार्शनिक आधार जयपुर, राजस्थान, हिन्दी ग्रन्थ अकादमी।

13 पाठक, आर.पी. (2009) भारतीय परम्परा में शैक्षिक चिन्तन, कनिष्क प्रकाशन, नई दिल्ली।

14 पाठक, आर.पी. (2011) भारत के महान शिक्षाशास्त्री, पियर्सन एजुकेशन, नई दिल्ली।

15 पाठक, आर.पी. (2012) विश्व के महान शिक्षाशास्त्री, पियर्सन एजुकेशन, नई दिल्ली।

16 ओड, एल.के (1990) शिक्षा के दार्शनिक पृष्ठ भूमि, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर।

17 नेल्सन, वी.एच. (1990) मार्डन फिलासाफीज एण्ड एजूकेशन, सेन्ट्रल बुक डिपो, इलाहाबाद।

18 लाल, रमन बिहारी, एवं पलोड़, सुनीता (2005) शिक्षा के दार्शनिक एवं समाजशास्त्रीय आधार, आर. लाल बुक डिपो, मेरठ, उ.प्र.।

19 शर्मा, आर. ए (1995) तत्व मीमांसा, ज्ञान मीमांसा, मूल्य मीमांसा, एवं शिक्षा, आर.लाल. बुक डिपो, मेरठ,उ.प्र.।

20 लाल, रमन बिहारी (2007)शैक्षिक चिन्तन एवं प्रयोग, आर.लाल बुक डिपो, मेरठ उ.प्र.।

21 ब्रूवेकर जे.एस. (1969)मार्डन फिलॉससफीज ऑफ एजुकेशन, मैकग्राहिल, पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली।

शिक्षाचार्य – प्रथम सत्रार्द्ध

प्रश्नपत्र–2 शिक्षा का मनोवैज्ञानिक आधार

अध्येयांश कूटांक (Course Code) = 202 | कुल क्रेडिट्स = 04

क्रियान्वयन घण्टे = 04 घण्टे/सप्ताह | कुल अंक = 100

उद्देशय

- भारतीय तथा पाश्चात्य मनोविज्ञान की अवधारणा के सन्दर्भ में शिक्षा, शिक्षणा, अधिगम एवं अभिप्ररेणा की परिस्थितियों कें विश्लेषण एवं अवबोध हेतु परिप्रेक्षय विकसित करना।
- शिक्षण अधिगम की प्रभावी व्यवस्थाओं एवं अभ्किल्पों केा निर्मित करने हेतु बुद्धि, सर्जनात्मकता, एवं व्यक्तित्व विषयक अद्यतन सिद्धान्तों पर केन्द्रित उपयुक्त परिप्रेक्ष्य विकसित करना।
- अन्तर्द्वन्द्र, समयोजन प्रकिया, प्रतिरक्षा किया विधि तथा तनाव प्रबान्धन का शिक्षण की विविध व्यावहारिक परिस्थितियों में निहितार्थ निरूपण की कुशलता विकसित करना ।

पाठ्य–वस्तु **80 अंक**

इकाई–1 शिक्षा मनोविज्ञान – भारतीय तथा पाश्चात्य मनोविज्ञान की अवधारणा, मानसिक शक्ति एवं चेतना के उन्नयन में अष्टांग योग एवं ध्यान का महत्व। मनोविज्ञान के सम्प्रदाय– व्यवहारवादी, संज्ञानवादी तथा रचनावादी परिप्रेक्ष्य की शिक्षा में प्रासंगिकता के सन्दर्भ में।

इकाई–2 अधिगम तथा अभिप्रेरणा का मनोविज्ञान – अधिगम तथा अभिप्रेरणा की अवधारणा, अधिगम का शैक्षिक परिप्रेक्ष्य में अध्ययन, पियाजे ब्रूनर तथा ऑसबेल की दृष्टि में अधिगम की अवधारणा, सिद्धान्त तथा अनुप्रयोग । अद्यतन रचनावादी अवधारणायें तथा उनका शैक्षिक निहितार्थ। अभिप्रेरणा के सिद्धान्त मॉसलो कें अभिप्रेरणा सिद्धान्त का एल्डरफर द्वारा संशोधित एवं विकसित प्रतिमान तथा विक्टर रूम के प्रत्याशा सिद्धान्तों का कक्षागत शिक्षण सन्दर्भ में अध्ययन, पुरूषार्थ चतुष्टय की अवधारणा तथा वर्तमान में प्रासंगिकता।

इकाई–3 बुद्धि एवं सर्जनात्मकता का मनोविज्ञान – भारतीय सन्दर्भ में प्रज्ञा, मन बुद्धि, चित एवं अंहकार तथा पाश्चात्य सन्दर्भ में बुद्धि की अवधारणा बुद्धि कें सिद्धान्त गिलफोर्ड, गाडर्नर का बहुबुद्धि सिद्धान्त संवेगात्मक एवं आध्यत्मिक बुद्धि की अवधारणा तथा निहितार्थ। प्रत्यय निर्माण प्रकार तथा विकास। सर्जनशीलता–अवधारणा, पहचान तथा संवर्धन कें उपयों का शैक्षिक सन्दर्भ मं अध्ययन। सर्जनशीलता के रूप में प्रतिमा एवं क्षमता की भारतीय अवधारणा। बुद्धि तथा सर्जनात्मकता का मापन।

इकाई–4 व्यक्तित्व का मनोविज्ञान – अवधारणा, सिद्धान्त मनोविश्वलेषणं सिद्धान्त फायड, युंग, एडलर, शैक्षिक सिद्धान्त– आलपोर्ट, कैटल, आइजेन्क मानवतावादी सिद्धान्त– मॉसलो, काले रोजर्स सभी सिद्धान्तों का शैक्षिक निहितार्थ निरूपण। पंचकोशों की अवधारणा,व्यक्तित्व का मापन।

इकाई –5 अन्तर्द्वन्द एवं समायोजन – अन्तर्द्वन्द सम्प्रत्यय एवं प्रकार तथा अन्तर्द्वन्द समाधान कें उपाय समायोजन–अवधारणा, प्रकिया विशेषताएं। भारतीय दृष्किोण में योग एवं गीता का समायोजन के सन्दर्भ में शैक्षिक निहितार्थ। प्रतिरक्षा क्रियाओं तथा अन्य विधियों द्वारा तनाव प्रबन्धन सुस्थित जीवन शैली का विकास एवं एतदर्थ प्रबन्धन की युक्तियां।

सत्रीय कार्यः **20 अंक**

निम्नलिखित में से कोई दो

1 भारतीय तथा पाश्चात्य मनोविज्ञान के मुख्य तत्वों पर आधारित समूह परिचर्चा।

2 प्रत्यय निर्माण आधारित प्रयोगात्मक कार्य।

3 किसी बालक का सर्जनशीलता के सन्दर्भ में व्यष्टि अध्ययन।

4 सुविधा वंचित एवं अधिगम अक्षम बालकों के सन्दर्भ मे समायोजन की युक्तियों पर आधारित कार्यशाला।

सन्दर्भग्रन्थ सूची –

1. सिंह (2006) अरूण कुमार शिक्षा मनोविज्ञान,भारती भवन,आगरा,उ.प्र.।
2. जायसवाल, सीताराम, (1990) भारतीय मनोविज्ञान और शिक्षा,आर्य बुक डिपो दिल्ली।
3. पाण्डेय,के.पी. (2005) नवीन शिक्षा मनोविज्ञान,विश्वविद्यालय प्रकाशन,वाराणसी,उ.प्र.।
4. चौबे एस.पी. (1995) शिक्षा मनोविज्ञान,विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा उ.प्र.।
5. पाण्डेय आर.एस. (1995) शिक्षा मनोविज्ञान,विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा उ.प्र.।
6. पाल, हंसराज (2006) प्रगत शिक्षा मनोविज्ञान, हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, दिल्ली वि.वि.।
7. गुप्ता एस.पी. (2010) उच्चतर शिक्षा मनोविज्ञान, शारदा पुस्तक भवन, इलाहबाद।
8. मंगल एस.के. (2006) शिक्षा मनोविज्ञान, प्रेन्टिस हाल आफ इंडिया प्रा.लि. नई दिल्ली।
9. पाठक,आर.पी. (2006) उच्च शिक्षा मनोविज्ञान – एक परिचय राधा प्रकाशन नई दिल्ली।
10. पाठक,आर.पी. (2006) उच्च शिक्षा मनोविज्ञान पियर्सन एजुकेशन नालेज पार्क, नोएडा, उ.प्र.।
11. पाठक, आर.पी. (2010) भारतीय मनोविज्ञान कनिस्का प्रकाशन, अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली।
12. पाठक, आर.पी. एवं भारद्वाज, अमिता पाण्डेय (2013) शिक्षा मनोविज्ञान के मूल तत्व, कनिष्का प्रकाशन नई दिल्ली।
13. पाठक, आर.पी. एवं भारद्वाज, अमिता पाण्डेय (2014) शिक्षा मनोविज्ञान के आधार,, कनिष्का प्रकाशन नई दिल्ली।
14- Bandura, A. and Walters (1936) R.H.Social Lerning and Personality Development Holt Rinehart and Winston.
15- Hilgard E.R. and Bower Gardon H. (1977) Theories of Learning Prentice Hall of India New Delhi.
16- Chauhan S.S. (1998) Advanced Educational Psychology Vikas Publishing House New Delhi.
17- Mathur S.S. (2000) Educational Psychology (Hindi Edition Also) Vinod Pustak Mandir Agra.
18- Pandey, K.P. (1998) Advanced Educational Psychology Konark Pub Lishers.

शिक्षाचार्य – प्रथम सत्रार्द्ध

प्रश्नपत्र–3 शैक्षिक अनुसन्धान

अध्येयांश कूटांक (Course Code) = 203 कुल क्रेडिट्स = 04

क्रियान्वयन घण्टे = 04 घण्टे / सप्ताह कुल अंक = 100

उद्देश्यः–

- शैक्षिक अनुसन्धान की अवधारणा एवं आधार भूत सोपानों से परिचित कराना।
- शैक्षिक अनुसंधान के मात्रात्मक एवं गुणात्मक उपागमों में निहित शोध प्रक्रिया में अन्तरों को स्पष्ट कराना।
- शोध की विविध विधियों मात्रात्मक एवं गुणात्मक के सन्दर्भ में प्रवीणता विकसित करना।
- शिक्षा की विविध क्षेत्रों में कृत शोधों के सम्बन्ध में अनुक्षेत्र आधारित एवं प्रतिमान आधारित संवदेनशीलता विकसित करना।

पाठ्य–वस्तु **80 अंक**

इकाई– 1. शैक्षिक अनुसंन्धान – शैक्षिक अनुसंधान की प्रकृति एवं अन्तर्विद्यापरकता, शैक्षिक अनुसंन्धान के उद्देश्य,सिद्वान्त परीक्षण एवं शैक्षिक परिस्थितियों का उन्नयन। शैक्षिक अनुसंन्धान में प्रयुक्त प्रतिमान–मात्रात्मक एवं गुणात्मक तथा दोनों मे अन्तर एवं समानता । शैक्षिक अनुसन्धान में प्रयुक्त प्रतिमान–मात्रात्मक एवं गुणात्मक तथा दोनों में अन्तर एवं समानता। शैक्षिक अनुसन्धान के स्वरूपों का वर्गीकरण–मौलिक, व्यवहत एवं क्रियात्मक।

इकाई–2 शैक्षिक अनुसंधान क्षेत्र एवं सोपान – शैक्षिक अनुसंधान के क्षेत्र अनुसंधान अनुक्षेत्रों का वर्गीकरण। अद्यतन शैक्षिक अनुसंधान क्षेत्र अनुसंधान क्षेत्रों के निर्धारित में नवीन प्रवृतियॉ। शैक्षिक शोध के आधारभूत सोपान – समस्या अनुक्षेत्र चयन,समस्या से सम्बन्धित साहित्य का विशिष्ट सर्वेक्षण, शोध समस्या का निर्धारण,शोध अभिकल्प निर्धारण, आभार सामग्री का संकलन, विश्लेषण एवं निर्वचन, सामान्यीकरण एवं निष्कर्ष निरूपण।

इकाई–3 शोध समस्या निरूपण एवं परिकल्पना निर्माण – शोध समस्या निरूपण–पारिभाषीकरण, सीमांकन, चरों की पहचान, समस्या मूल्यांकन, शोध प्रश्न का निर्माण। शोध परिकल्पना निर्माण एवं उसका परीक्षण।

इकाई–4 शोध का समग्र एवं प्रतिदर्श चयन – शोध समग्र का पारिभाषीकरण, प्रतिदर्श चयन की विधियॉ – सम्भाव्यता एवं असम्भाव्यता आधारित मात्रात्मक एवं गुणात्मक शोध संदर्भ में प्रतिदर्श चयन एवं उनकी विशिष्टता शोध समग्र एवं प्रतिदर्श द्वारा उपलब्ध मानक–पैरामीटर तथा सांख्यिकी।

इकाई–5: शोध उपकरण – शोध उपकरणों के प्रकार, आवश्यकता विशेषताऍ, विश्वसनीयता, वैधता एवं प्रासंगिकता। मात्रात्मक शोधों में प्रयुक्त शोध उपकरण–प्रश्नावली, साक्षात्कार, प्रेक्षण, निर्धारण मापनी, परीक्षण, समाजमिति। गुणात्मक शोधों मे प्रयुक्त शोध उपकरण– साक्षात्कार, प्रेक्षण (प्रतिभाग आधारित) अभिलेख, संकेन्द्रित समूह परिचर्चा, व्यष्टि अध्ययन।

सत्रीय कार्य :– **20 अंक**

1. मात्रात्मक एवं गुणात्मक शोधों पर आधारित प्रतिवेदनों, शोध प्रत्रिकाओं में प्रकाशित शोधों से संबधित अध्ययनों का समीक्षात्मक शोध सारांश प्रस्तुत करना। (प्रत्येक छात्र को कम से कम दो ऐसे शोध सारांश अवश्य प्रस्तुत करने होगें।)
2. किसी चयनित शोध समस्या पर शोध प्रस्ताव प्रस्तुत करना।
3. संदर्भ ग्रन्थों सम्बन्धित शोध साहित्य एवं विशिष्ट शोध ग्रन्थों पर आधारित प्रस्तुतियॉ।
4. शोध अभिकल्प निर्मित करना (यह शोध अभिकल्प मात्रात्मक एवं गुणात्मक किसी भी प्रतिमान के अनुसार विकसित किया जा सकता है।)

सन्दर्भग्रन्थ सूची –

1. पाण्डेय के.पी. (1998) शैक्षिक अनुसन्धान, विश्वविद्यालय प्रकाशन,वाराणसी,उ.प्र.।
2. त्रिपाठी,एल.बी.एवं भार्गव, हरप्रसाद, (1990) मनोवैज्ञानिक अनुंसधान पद्वति, विनोद पुस्तक मन्दिर आगरा, उ.प्र.
3. गुप्ता,एस.पी. (1998) शिक्षा में सांख्यिकी, शारदा पुस्तक भवन,इलाहाबाद उ.प्र.।
4. पाण्डेय,के.पी. (2005) शिक्षा तथा मनोविज्ञान में सांख्यिकी विश्वविद्यालय प्रकाशन वाराणसी उ.प्र.।
5. गुप्ता एस.पी. (2000) अनुसंधान संदर्शिका,शारदा पुस्तक भवन,इलाहाबाद,उ.प्र।
6. पाठक,आर.पी.एवं भारद्वाज, अमिता पाण्डेय (2012) शिक्षा में अनुसंधान एवं सांख्यिकी कनिष्का प्रकाशन नई दिल्ली।

7. शर्मा, आर.ए. (2005) शिक्षा अनुसंधान के मूल तत्व एवं शोध प्रक्रिया, आर. लाल. बुक डिपो, मेरठ, उ.प्र.।
8. भटनागर, ए.बी. (2002) शिक्षा अनुसंधान की कार्यप्रणाली आर. लाल. बुक डिपो, मेरठ उ.प्र.।
9. Pathak, R.P. (2011) Research in Psychology and Education, Pearson Education, Knowledge Park, Noida

शिक्षाचार्य – प्रथम सत्रार्द्ध

प्रश्नपत्र–4 शैक्षिक प्रौद्योगिकी

अध्येयांश कूटांक (Course Code) = 204 कुल क्रेडिट्स = 04

क्रियान्वयन घण्टे = 04 घण्टे/सप्ताह कुल अंक = 100

उद्देश्यः–

1. शैक्षिक प्रौधोगिकी की अवधारणा के सम्प्रत्यय,प्रकार एवं उपागमों से अवगत कराना।
2. शैक्षिक सम्प्रेषण के सम्प्रत्यय एवं विधियों से अवगत कराना।
3. अनुदेशनात्मक प्रणालियों के उद्देश्यों एवं अभिकल्पन से अवगत कराना।
4. महत्वपूर्ण शिक्षण प्रतिमानों और सिद्वान्तों से अवगत कराना।
5. अभिक्रमित अधिगम की अवधारणा,सिद्वान्त,प्रकार और निर्माण प्रक्रिया से अवगत कराना।
6. शिक्षण अधिगम प्रबन्धन के चार घटक–नियोजन,संगठन,अग्रसरण एवं नियत्रंण में अन्तर्दृष्टि विकसित करना।
7. शिक्षण के प्रतिमान एवं सिद्वान्तों के सम्प्रत्यात्मक अवधारणा एवं प्रकारों से परिचित करना।
8. अभिक्रमित अधिगम की अवधारणा एवं विकास की अवस्थाओं में अवबोध विकसित करना।
9. व्यवस्थित प्रेक्षण विधियों द्वारा शिक्षण व्यवहार का विशलेषण करने की दक्षता का विकास करना।

पाठ्य–वस्तु **80 अंक**

इकाई– 1. शैक्षिक प्रौद्योगिकी –

- अभिप्राय, प्रकृति, उद्देश्य,उपागम एवं क्षेत्र, ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, अवधारणा, उद्देश्य एवं क्षेत्र। प्रोडक्ट टेक्नोलॉजी एवं आइडिया टेक्नोलॉजी दोनों में समन्वय। वर्तमान संदर्भ में शैक्षिक प्रौद्योगिकी–टेलीकान्फ्रेसिंग (ऑडियो एवं विडियो) एडूसेट, सम्प्रेषण एवं सूचना प्रौद्योगिकी (ICT) एवं इसका शिक्षण–अधिगम परिस्थितियों में अनुप्रयोग। ई–अधिगम की अवधारणा शैक्षिक सम्प्रेषण– अवधारणा अवयव, प्रक्रियां, अवरोधक तत्वों को न्यून बनाने के उपाय तथा मल्टी मीडिया की अवधारणा एवं प्रयोग। ई–अधिगम–अवधारणा, विशेषताएं प्रारूप, शैलियॉ लाभ एवं सीमाएं।

इकाई–2 शिक्षण अधिगम का प्रबन्धन

- नियोजन कार्य विश्लेषण, प्रशिक्षण एवं अधिगम की आवश्यकताओं को पहचानना और शैक्षिक उद्देश्यों का प्रतिपादन। संगठन – उपयुक्त युक्तियों कक्षा आकार एवं सम्प्रेषण, व्यूहरचना का चयन। अग्रसरण – अग्रसरण हेतु अभिप्रेरण का अनुप्रयोग और उपयुक्त रचना कौशल का चयन । नियंत्रण – अधिगम प्रणाली का मूल्यांकन मापन एवं उद्देश्य।

इकाई–3 शिक्षण सिद्वान्त एवं प्रतिमान

- प्रतिमान एवं सिद्वान्त की अवधारणा मे मुख्य अन्तर।
- शिक्षण के सिन्द्वान्त – धांत्री सिद्वान्त सम्प्रेषण ढलाई का सिद्वान्त परस्पर पृच्छा सिद्वान्त (विशेषताएं सीमाएं एवं शैक्षिक निहितार्थ)
- शिक्षण के प्रतिमान– अवधारणा एवं आधारभूत तत्व। कुछ चयनित शिक्षण प्रतिमान– विकासात्मक प्रतिमान (पियाजे) एडवान्स आरगनाईजर (ऑसवेल) पृच्छा प्रशिक्षण प्रतिमान (सचमैन) शिक्षक प्रशिक्षक प्रतिमान सम्प्रत्यय सम्पाप्ति प्रतिमान (हिल्डा–ताबा) के अवयव, विशेषताएं सीमाएं एवं शैक्षिक निहितार्थ तथा प्रत्येक शिक्षणप्रतिमान पर आधारित पाठ–योजना

इकाई–4 अभिक्रम अधिगम की तकनालाजी

- अभिक्रमित अधिगम की अवधारणा तथा ऐतिहासिक विकास। अभिक्रमित अधिगम के सिद्वान्त एवं प्रकार (रेखीय,शाखीय तथा मैथेटिक्स) कम्प्यूटर सहायक अनुदेशनप।

अभिक्रम विकास की अवस्थाएं –

- अभिक्रम नियोजन – प्रकरण चयन,विषय वस्तु विश्लेषण, अधिगमकर्त्ता की मान्यताएं, उद्देश्य लेखन, पूर्व अपेक्षित कौशल एवं निष्कर्ष परख निर्माण।
- अभिक्रम लेखन – अभिक्रम के संरचनात्मक एवं प्रकार्यात्मक तत्व, पद लेखन एवं अनुक्रम अभिक्रम संपादन एवं संशोधन।
- अभिक्रम परीक्षण – व्यक्तिगत, लघुसमूह और क्षेत्र परीक्षण।
- अभिक्रम का मूल्याकंन – त्रुटि दर, अभिक्रम घनत्व, अनुक्रम प्रगमन और 90/90 मानक स्तर।

इकाई – 5 शिक्षण व्यवहार विश्लेषण एवं आशोधन – शिक्षण व्यवहार की अवधारणा विशेषतायें क्षेत्र एवं नवीन प्रवृत्तियॉ शिक्षण व्यवहार का व्यवस्थित प्रेक्षण– युक्तियॉ एवं उनका अनुप्रयोग (फ्लैण्डर का अन्तक्रिया विश्लेषण श्रेणियॉ – FIAC ओबर्स की पारस्परिक अनुवर्ग विधि – RCS बेन्टले और मिलर की समकक्ष वार्ता श्रेणी विधि – ETC) के सन्दर्भ में। व्यवस्थित प्रेक्षण से प्राप्त प्रदत्तों का आधात्री निर्माण एवं विश्लेषण (FIAC,RCS & ETC) के सन्दर्भ में। शिक्षण व्यवहार आशोधन में व्यवस्थित प्रेक्षण विधि का अनुप्रयोग, प्रतिपुष्टि एवं अपेक्षित शिक्षण व्यवहार सृजन। कम्प्यूटर अनुप्रयोग द्वारा शिक्षण व्यवहार आशोधन – किसी शैक्षिक कार्य में MS Word का प्रयोग (दत्तकार्य, शोध पत्र आदि के सन्दर्भ में) किसी विद्यालयीय शिक्षण पाठ का पावर पाइन्ट निर्माण एवं प्रस्तुति,किसी प्रशासनिक कार्य में MS-Excel का प्रयोग (समय सारिणी, उपस्थिति एवं छात्र उपलब्धियों के रिकार्ड के सन्दर्भ में) एवं किसी शैक्षिक सूचना को इन्टरनेट में माध्यम से अधिगम्य बनाना।

सत्रीय कार्य :– **20 अंक**

निम्नलिखित में से कोई दो

1. शिक्षण प्रतिमानों पर आधारित पाठयोजना निर्माण।
2. रेखीय अभिक्रम निर्माण (किसी विद्यालयीय विषय पर)।
3. किसी व्यवस्थित प्रेक्षण विधि का प्रयोग द्वारा शिक्षण व्यवहार विश्लेषण एवं आशोधन।
4. पावर पाइन्ट प्रस्तुति निर्माण एवं प्रस्तुतिकरण (किसी विद्यालयीय विषय पर)
5. इन्टरनेट द्वारा किसी शैक्षिक सम्प्रत्यय से सम्बन्धित सूचना डाउनलोड करना।

सन्दर्भग्रन्थ सूची –

1. मिश्र,करूणा शंकर (1995) शिक्षण में नवचिन्तन,संज्ञानालय,कानपुर,उ.प्र.।
2. पाण्डेय,के.पी.(1992) अभिक्रमित अधिगमन की टेकनालॉजी विश्वविद्यालय प्रकाशन चौक वाराणसी,उ.प्र.।
3. पाठक,आर.पी.(2011) शैक्षिक प्रौद्योगिकी पियर्सन एजुकेशन,नई दिल्ली।
4. पाठक, आर.पी.एवं भारद्वाज अमिता पाण्डेय (2012) शैक्षिक प्रौद्योगिकी एवं क्रियात्मक अनुसंधान कनिष्का प्रकाशन,नई दिल्ली।
5. शर्मा,आर.ए. (2002) शिक्षा के तकनीकी आधार आर.लाल बुक डिपो मेरठ उ.प्र.।
6. भटनागर,ए.बी (2000) शैक्षिक तकनीकी एवं प्रबन्धन,आर.लाल बुक डिपो मेरठ उ.प्र।
7. सक्सेना, एन.आर. स्वरूप (2006)शिक्षण की तकनीकी, आर.लाल बुक डिपो मेरठ मेरठ उ.प्र.।
8. शर्मा,आर.ए.(2010) सूचना सम्प्रेषण एवं शैक्षिक तकनीकी,आर.लाल बुक डिपो मेरठ उ.प्र.।
9. शर्मा,आर.ए.(2005) शिक्षणशास्त्र के मूल तत्व,आर.लाल बुक डिपो मेरठ,उ.प्र.।
10. पाठक आर.पी.(2014) शैक्षिक तकनीकी के आयाम विकास पब्लिशर्स,नई दिल्ली।
11. Pandey,K.P(1997) Modern Concepts of Teaching Behaviour,Anamika Publications New Delhi.
12. K.Sampat and et All (1990) Education Technology Sterling Publishing Pvt.Ltd. New DelhiA
13. Bruner J.S.(1980) Towards Theory of Instruction Mass Hardward University Press,Cambridge.
14. Singh L.C.(1990) Microteaching, Bhagava Book Depot Agra, U.P.
15. Allen and Ryan(1985) Microteaching addison Wesley, New York
16. Shelter P.A(1980) History of Instructional Technology,Megran, New York.
17. Bruce Joyce and Marsha Weil (1975) Models of Teaching Prentice Hall of India New Delhi.
18. Passi B.K.(1985) Becoming Better Teacher Sahitya Mudranalaya Ahadabad.
19. Pathak.R.P(2010) Educational Technology Pearson Education New Delhi.

द्वितीय सेमेस्टर
शिक्षाचार्य (एम.एड.) पाठ्यक्रम

शिक्षाचार्य – द्वितीय सत्रार्द्ध

प्रश्नपत्र–5 शिक्षा का समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य

अध्येयांश कूटांक (Course Code) = 221 कुल क्रेडिट्स = 04

क्रियान्वयन घण्टे = 04 घण्टे/सप्ताह कुल अंक = 100

उद्देश्यः–

1. समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य में अद्यतन भारतीय समाज की समस्याओं के विश्लेषण एवं समीक्षात्मक अध्ययन की कुशलता विकसित करना।
2. शिक्षा के समसामयिक मुद्दों पर परिचर्चा आधारित विमर्श को प्रोत्साहित करना।
3. भारतीय समाज की ज्वलन्त समस्यओं यथा शैक्षिक अवसरों की समानता विषमता भेदभाव एवं लिंग अनुपात समुदाय/अंचल आधारित मुद्दों पर विशेष चिन्तन परिप्रेक्ष्य विकसित करना।

पाठ्य–वस्तु **80 अंक**

इकाई– 1. शिक्षा का समाजशास्त्रीय आधार– शिक्षा का समाजशास्त्र सामाजिक उपव्यस्था के रूप में शिक्षा एवं समुदाय (भारतीय समाज के सन्दर्भ में) शिक्षा और राजनीति। शिक्षा व धर्म शिक्षा एवं सस्कृति।

इकाई–2 शिक्षा एवं समसामयिक विकास – आधुनिकीकरण, निजीकरण, वैश्वीकरण, सामाजिक परिवर्तन, आर्थिक एवं सामाजिक विकास।

इकाई–3 शिक्षा एवं मानवविकास– सुस्थिर विकास–संप्रत्यय एवं इसमें शिक्षा की भूमिका। विकसित एवं विकासशील राष्ट्रों के सन्दर्भ में मानवविकास सूचकांक । भारत की अनुस्थिति अन्य देशों के सापेक्ष में शिक्षा के योगदान का आकलन।

इकाई–4 शिक्षा एवं सामाजिक न्याय– सामाजिक समदृष्टि शैक्षिक अवसरों की समानता से सम्बद्व कतिपय महत्वपूर्ण तत्व जाति, नृजातीयता एवं आर्थिक दृष्टि से वंचित वर्ग के संदर्भ में शिक्षा महिलाओं व ग्रामीण जनता की शिक्षा।

इकाई– 5 भारतीय संविधान की अपेक्षाओं के अनुसार– भारतीय समाज की कतिपय बहुचर्चित समस्याएं यथा शैक्षिक अवसरों की समानता, शिक्षा का अधिकार, बालश्रम, नारी सशक्तीकरण, सुविधावंचित संवर्ग की विवशताएँ आदि पर समीक्षात्मक अध्ययन इनसे संबंधित शोधों के निष्कर्ष एवं उनके निहितार्थ प्रवर्तित शैक्षिक एवं सामाजिक हस्तक्षेप यथा–छात्रवृतियॉ निःशुल्क गणवेश, मध्याहन भोजन आदि पाठयपुस्तकें समस्याएं एवं उनका व्यष्टि अध्ययन के आधार पर समाधान।

सत्रीय कार्य **20 अंक**

निम्नलिखित में से कोई दो

1. कतिपय चयनित सामाजिक समस्याओं पर समूह परिचर्चा।
